हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 21 जुलाई 2025

06 शहीद मंगल पांडे का जन्मदिवस और गोपालदास ...



07 बूथ स्तर के कार्यकर्ता को मजबूत किए बिना जीत ...





## खबर संक्षेप

### नगर निगम में ईएसआईसी का शिविर आयोजित किया गया

**सागर**। नगर पालिक निगम के सभाकक्ष में राज्य कर्म चारी बीमा निगम सागर शाखा प्रबंध मुकेश शर्मा ने बताया की कर्मचारी को चिकित्सा बीमारी मातृत्व रोजगार चोट एवं मृत्यु की स्थिति में नगद भुगतान का लाभ मिलेगा निगम संस्थानों में जो एजेंसी /ठेकेदारों द्वारा अभी तक पंजीयन नहीं कराया है शीघ्र करावे जिसे वह देय जुर्माने बच सके शिविर में मुख रूप से नगर निगम के सहा. लेखाधिकारी हर्ष केसरवानी सहा. आयुक्त तबस्सुम खान, नीतू तिवारी, चंद्रविजय गौर, ठेकेदार मोनू शुक्ला, रोहित तिवारी अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### भू-अधिकार ऋण पुस्तिका अब ऑनलाईन

**सागर**। किसानों और आम जनता को भू-अधिकार ऋण पुस्तिका प्राप्त करने के लिए अब पटवारी के पास जाने की जरूरत नहीं है। आम जनता की सुविधा के लिये भू-अधिकार ऋण पुस्तिका को ऑनलाइन कर दिया गया है। कोई भी व्यक्ति अपनी भू-अधिकार ऋण पुस्तिका को नजदीकी कियोस्क सेंटर अथवा कॉमन सर्विस सेंटर या स्वयं के एन्ड्रायड मोबाइल से निर्धारित शुल्क 10 रूपये अदा कर ले सकता है। कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग ई-तकनीक को बढ़ावा दे रहा है, ताकि किसानों एवं आमजन को तहसील एवं पटवारी के चक्कर न लगाने पड़े। वर्षों पूर्व आमजन और किसानों को अपने खाते की नकल पाना कठिन कार्य था। जन-मानस की परेशानी को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग के नियमों में बदलाव कर जन-सुविधा से जुड़े अभिनव प्रयोग किए जा रहे हैं। राजस्व विभाग द्वारा कृषकों से अपील की गई है कि सुविधाजनक रूप से किए गए बदलाव का ई-तकनीक के माध्यम से लाभ उठाएँ और परेशानी से बचें। सरकार द्वारा किसानों या आमजन को उनके खाते की खसरा, बी-1 एवं ऋण-पुस्तिका की प्रति वाट्सएप पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

### सहकारी समितियों का पंजीयन केवल ऑनलाइन

**सागर**। जिले में सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने के लिए संबंधित व्यक्तियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि समितियों के पंजीयन के लिए विभागीय ऑनलाईन पोर्टल पर जाकर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं। पोर्टल पर नवीन संस्था का आवेदन करने के लिए आवेदक उल्लेखित लिंक पर जाकर स्वयं एमपी ऑनलाईन नागरिक सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकता है। आवेदक को पोर्टल पर अपना लॉग इन क्रिएट करना होगा। लॉग इन क्रिएट करने के लिए आधार से लिंक मोबाईल नंबर प्रविष्टि कर ओटीपी सत्यापन होगा। प्रस्तावित संस्था की जानकारी एवं प्रथम आवेदन की जानकारी भरकर पासवर्ड निर्मित करेगा। तत्पश्चात आवेदक का लॉगिन निर्मित हो जायेगा। अंशपूंजी का मूल्य दर्ज करके प्रस्तावित सदस्यों के फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर तदर्थ कमेटी नामांकित कर दस्तावेज अपलोड कर अंशों का मूल्य एवं सदस्यता प्रवेश शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करेगा। आधार नंबर से वर्चुअल आईडी जनरेट होगा और आवेदक का ई-साईन कर आवेदन ऑनलाईन जमा करना होगा। विभाग द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर अधिकतम 45 दिवस के भीतर आवेदन पर कार्यवाही की जायेगी। कुछ कमियां होने पर पोर्टल पर दर्ज किया जायेगा। जिसकी सूचना एसएमएस से दी जायेगी। पंजीयन पोर्टल पर आवेदन k8मान्य होने पर पोर्टल से ही पंजीयन प्रमाण-पत्र जनरेट होगा जिसमें डिजिटल हस्ताक्षर रहेंगे।

जन सहयोग से चली मुहिम में शामशान घाट बने पर्यटक स्थल

# परमहंस स्वामी संत श्री मुक्तानंद जी महाराज के द्वारा आज होगा देवरी के मुक्धिामों में महादेव प्रतिमाओं का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरीकलां

देवरी नगर के कौशल किशोर वार्ड एवं तिलक वार्ड स्थित मुक्तिधामों में जन सहयोग से निर्मित भूतभावन भगवान महादेव की प्रतिमाओं का लोकार्पण आज परमहंस स्वामी संत श्री मुक्तानंद जी महाराज अमृत झिरिया आश्रम के करकमलों से संपन्न होगा।

देवरी नगर के कौशल किशोर वार्ड मुक्तिधाम एवं तिलक वार्ड मुक्तिघाम में जन सहयोग विगत 2 वर्षो से चल रहे सौन्दर्यीकरण कार्य में नगर के जागरूक दानदाताओं द्वारा वृहद स्तर पर संरक्षित वृक्षारोपण, शेड निर्माण, गौशाला निर्माण, अस्थि घर, पेवर्स फर्श निर्माण एवं भगवान भूतभावन महादेव की विशाल प्रतिमाओं का निर्माण कराया गया है। जिनका अनावरण कार्यक्रम श्रावण एकादशी को अनंत विभूषित श्री श्री 1008 परमहंस स्वामी श्री मुक्तानंद जी महाराज परमहंस आश्रम अमृत झिरिया के पावन करकमलों से संपन्न होगा। इस अवसर पर कीर्तन कार्यक्रम एवं महाराज श्री के प्रवचन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जा रहा है।





कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जनभागीदारी समिति संचालक अलकेश जैन ने बताया कि सुबह 9.30 बजे देवरी नगर के सहजपुर तिराहे पर सभी नागरिक महाराज श्री की आगवानी करने के लिए एकत्र होगे एवं बाजे अखाड़े एवं कीर्तन मंडलियों के साथ तिलक वार्ड मुक्तिधाम पहुँचेंगे एवं मुक्तिधाम में श्री तिलकेश्वर महादेव की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम संपन्न होगा।

जिसके बाद भव्य शोभा यात्रा के साथ कौशल किशोर मुक्तिधाम पहुचेंगे जहाँ भजन-कीर्तन एवं पूजन कार्यक्रम के साथ मरघट महेश्वर महादेव की 31 फीट ऊँची प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम संपन्न होगा। दोपहर 12 बजे से महाराज श्री के प्रवचन कार्यक्रम आरंभ होगा। आयोजन समिति द्वारा नगर के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पधारने की अपील की है।



## 4 एंबुलेंस से 26 मरीजों को निशुल्क इलाज के लिए भेजा भोपाल

**गढाकोटा**। शिल्पी अभिषेक भार्गव द्वारा संचालित वेदिका फाउंडेशन के तहत रविवार को 4 एंबुलेंस से 26 मरीजों के लिए भोपाल इंदौर की अस्पतालों में निशुल्क इलाज हेतु भेजा गया। मरीज जिनमें लक्ष्मी पटेल उदयपुरा, विमल रैकवार गढ़ाकोटा, सुशीला चौरसिया रहली, कस्तूरी बाई कुर्मी पिपरिया, अहिल्या अहिरवार छुल्ला, रामेश्वर कुर्मी जूना, राधा रानी कुर्मी गुंजोरा, जगभान सौर निपानिया, चंद्र रानी काछी घोघरा, जगन्नाथ लोहगड़िया, नयाखेड़ा, कलाबाई लोहगड़िया, नाथू लोहगड़िया, मिहीलाल कुर्मी पिपरिया गोपाल, प्रभु सेन पिपरिया गोपाल, भारती सेन पिपरिया गोपाल, मोतीलाल रजक दरारिया, आरती काछी चांदपुर, प्रेम नारायण कुर्मी छुल्ला, भानु प्रताप कुर्मी छुल्ला, चंद्र रानी लोधी रंगोली, काव्या अहिरवार गढ़ाकोटा, सूर्या व्यास महाराजपुर, रामरति ठाकुर बड़गांन, शंभू ्रजापति जबलपुर शामिल हैं। तथा गढ़ाकोटा निवासी काव्या अहिरवार उम्र 2 माह की है जिसके हार्ड में छेद है । तथा महाराजपुर निवासी सूर्या व्यास उम्र 8 माह हार्ड में छेद के इलाज हेतु इंदौर के अपोलो हॉस्पिटल भेजा गया। जहां भोपाल स्थित पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के बंगले पर मरीज को भोजन ठहरने की व्यवस्था होती है। और वहां कर्मचारी इलाज के लिए मरीजों को विभिन्न अस्पतालों में साथ ले जाते हैं।

## सांदीपनी विद्यालयों का निर्माण कार्य 15 अगस्त के पूर्व पूर्ण करें: सीईओ विवेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर


जिले में संचालित 11 सांदीपनी विद्यालयों का निर्माण कार्य 15 अगस्त के पूर्व पूर्ण करें। उक्त निर्देश विवेक केवी ने सांदीपनि विद्यालयों के अधोसंरचना निर्माण कार्य की प्रगति एवं सुचारू संचालन हेतु आयोजित बैठक में दिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन, जिला परियोजना अधिकारी गिरीष मिश्रा, अभय श्रीवास्तव संबंधित निर्माण विभाग के अधिकारी एवं प्राचार्य मौजूद थे। समीक्षा बैठक में सीईओ विवेक केवी ने निर्देश दिए कि शासन की महत्वकांक्षी योजना सांदीपनी विद्यालयों के निर्माण कार्य 15 अगस्त के पूर्व पूर्ण करें जिससे कि विद्यालयों में लक्ष्य के अनुसार प्रवेश सुनिश्चित किए जा सके। उन्होंने कहा कि गढ़ाकोटा एवं बीना सांदीपनी विद्यालयों को निर्माण कार्य अत्यंत धीमा है। निर्माण में प्रगति लाएं एवं 31 दिसंबर तक पूर्ण करें। जिन विद्यालयों का कार्य 90 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुका है उनको संबंधित प्राचार्य को हैंडओवर करें जिससे कि उनमें कक्षाओं का संचालन किया जा सके। बैठक में बताया गया कि जैसीनगर के निर्माणाधीन भवन में पेयजल की समस्या है जिस पर उन्होंने तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार गढ़ाकोटा के भवन निर्माण को पूर्ण करें जिससे कि पुराने भवन को तोड़कर वहां भी निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। बीना सांदीपनी विद्यालय के निर्माण एजेंसी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए । समीक्षा बैठक में सीईओ ने निर्देश दिए कि सभी सांदीपनी विद्यालयों में शैक्षणिक कार्य शासन की दिशा निर्देश के अनुसार पूरे करें एवं शासन की सभी योजनाओं का लाभ प्रदान करें उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में विद्यालय समय पर संचालित हों एवं प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ समय के पूर्व विद्यालय आकर विद्यालय का संचालन करें।

# डायल 100 गढ़ाकोटा टीम ने निभाई 'संजीवनी' की भूमिका

### दुर्घटना में घायल हुए दो लोगों की तत्परता से बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गढ़ाकोटा

18 जुलाई को समय लगभग 11:50 बजे थाना गढ़ाकोटा अंतर्गत पथरिया रोड ग्राम रेंगुआ के पास एक सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई, जिसमें एक महिला व एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना की सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे के निर्देशन पर डायल 100 एफआरबी वाहन क्रमांक 10 में तैनात पायलट सौरभ तिवारी एवं आरक्षक क्र. 957 सोनी सिंह ने मात्र 5 मिनट में घटनास्थल पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार हेतु सीएससी गढ़ाकोटा अस्पताल पहुंचाया।घायलों की पहचान विनोद



पाल, पिताः काशीराम पाल, उम्रः 35 वर्ष, निवासीः जूना, थाना रहली। मुन्नी बाई, पतिः रामकृष्ण पाल, उम्रः 33 वर्ष, निवासीः बांस पथरिया, जिला दमोह डायल 100 की तत्परता से 108 एंबुलेंस उपलब्ध न होने की स्थिति में भी एफआरबी टीम ने मानव सेवा का परिचय देते हुए 'संजीवनी' की भूमिका निभाई और समय रहते दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई। वरिष्ठ अधिकारियों एवं घायलों के परिजनों द्वारा डायल 100 टीम के इस प्रशंसनीय एवं मानवीय कर्तव्यनिष्ठ कार्य की भूरी-भूरी सराहना की गई है। गढ़ाकोटा पुलिस की इस सहृदयता और संवेदन शीलता पूर्ण कार्यवाही से पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास और भी अधिक सुदृढ़ हुआ है।



## लड़कियों को शिक्षित करने को लेकर सामाजिक जागरूकता का हुआ कार्यक्रम

**गढाकोटा**। सागर जिले के गढाकोटा में रविवार के दिन नदी पार स्थित तिलक वार्ड में मिलान फाउंडेशन कि गर्ल्स आइकन्स के द्वारा लड़कियों को शिक्षित व बाल विवाह के संबंध कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें गर्ल्स आइकन्स कि सुनीता प्रजापति, नंदनी रजक, अपशीन नाज, निहारिका नामदेव, भावना रजक, हेमलता रजक के द्वारा नाटक के माध्यम से शिक्षा व बाल-विवाह पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर सामाजिक जागरूकता लाई गई। लीडर गर्ल्स आइकन्स हेमलता रजक ने बताया कि आजकल के समय में लड़कियों के बाल विवाह कर दिए जाते हैं जो एक बीमारी है ओर आज इसी को लेकर सभी को जागरुक किया है की लड़कियों को शिक्षित करें उनके बाल विवाह न करें। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मुश्ताक खान, थाना गढाकोटा रविकुमार आठ्या, रामकिशोर प्रजापति, विश्वनाथ रजक, रसिता वेगम आंगनबाड़ी सहायका, साहिरा बानू, अमन यादव वार्ड प्रभारी के साथ वार्डवासी मौजूद थे।

## सिंधी समाज का प्रसिद्ध त्योहार चालिहा महोत्सव



**सागर** । सभी समाज के अपने-अपने त्योहार होते हैं। उसी तरह चालिहा महा महोत्सव सिंधी समाज का सबसे बड़ा पर्व है। प्रवक्ता राजेश मनवानी ने बताया की चालिहा महोत्सव के दौरान सिंधी समाज के लोग मंदिरों में झूलेलाल की विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। चालिहा हाल में विजय लालवानी के विशेष लोक संगीत-भजन और भक्ति गीतों के कार्यक्रम रोज सुबह शाम होते है । यह चालिहा पर्व सिंधी समाज 40 दिनों तक मनाते है । संस्थापक लालाराम मेठवानी ने बताया की झूलेलाल मंदिर के बाजु वाले हाल में चालिहा महोत्सव में चालिहा महोत्सव के त्योहार के दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भगवान विष्णु के अवतार झूलेलाल भगवान के दर्शन करने के लिए आते हैं। यह चालिहा हाल अपने आप में बेहद सुंदर है, और साथ-साथ एक छोटा कुंड बनाया गया है। यहां इस पर्व के दौरान भक्त जन भगवान झूलेलाल के नाम पर फूलों की थाली सजाकर आटे के दिए अर्पित करते हैं। आयो लाल सभई चओ झूलेलाल यह कहकर सिंधी समाज के लोग भगवान झूलेलाल की आराधना करते हैं। कार्यक्रम में विशेष सहयोग महिला मंडल में अध्यक्ष दिया राजपूत, भारती मोहनानी, ममता तलरेजा. काजल रोहरा. वर्षा हासानी, रैना गोकलानी. कनक लोटवानी, सोनू जैसवानी, अध्यक्ष सुरेश मोहनानी आदि का रहता है । लालाराम मेठवानी ने कहा की श्रावण मास, जिसे सावन का महीना भी कहा जाता है, भगवान शिव को समर्पित एक पवित्र महीना है। यह महीना 11 जुलाई से 9 अगस्त तक रहेगा। इस दौरान, भक्त भगवान शिव की पूजा करते हैं और सोमवार का व्रत रखते हैं, जिसे श्रावण सोमवार या सावन सोमवार व्रत कहा जाता है।

## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण करें निराकरण: कलेक्टर संदीप जी. आर.

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें एवं सीएम हेल्पलाइन की शिकायत प्राप्त दिन पर ही निराकरण करने पर संबंधित विभाग अधिकारी को समय सीमा बैठक में पुरुस्कृत किया जायेगा। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग को सभी विभाग प्रमुख ठीक करें और निम्न ग्रेडिंग वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अधिकारी पुरानी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के प्रकरणों का गंभीरता के साथ निराकरण करें एवं नई शिकायत वाले शिकायतकर्ता से संपर्क करें और उसका तत्काल निराकरण कराएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अधिकारी प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करें।

कलेक्टर ने नॉन अटेंडेड शिकायतों के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे सभी नॉन अटेंडेड शिकायतों को प्राथमिकता के साथ अटेंड कर निराकृत करें। कलेक्टर संदीप जी आर ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि सभी टीएल के प्रकरणों को समय से निराकृत करें तथा संबंधित की पोर्टल पर जानकारी अपलोड करें।



## वात्सल्य स्कूल में वार्षिक पद ग्रहण समारोह सम्पन्न

**सागर**। वात्सल्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल सागर में इन्वेस्टीचर सेरेमनी का आयोजन शनिवार के दिन किया गया। इस सेरेमनी में स्कूल के विद्यार्थियों को 2025–2026 के शैक्षणिक सत्र के लिए चुनाव द्वारा चयनित किया गया। कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के कुल 16 विद्यार्थियों को विभिन्न स्कूल हाउस के कैप्टन और वाइस कैप्टन बनाया गया। स्कूल की प्राचार्या अलका श्रीवास्तव ने सभी कैबिनेट सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई। कैबिनेट सदस्यों के अभिभावक भी सेरमनी में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मीना जैन ने किया। कार्यक्रम की शुरुवात समस्त कक्षाओं के विद्यार्थियों की मार्च पास्ट से हुआ। कक्षा 6वीं से 12वीं के क्लास कैप्टन, वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन को कक्षा अध्यापकों ने बैच पहनाए। वहीं स्कूल के विभिन्न हाउस के इंचार्जेस ने ब्लू, ग्रीन, रेड और येलो हाउस के कैप्टन और वाइस कैप्टन को बैचेस पहनाए।प्राचार्या अलका श्रीवास्तव ने उज्जवल सिंह ठाकुर को स्कूल कैप्टन का बैच पहनाया साथ ही स्कूल फ्लैग भी सौंपा। स्कूल की वाइस प्रिंसिपल ममतेश शर्मा ने स्कूल वाइस कैप्टन वरुण रोहरा को बैच पहनाया। स्कूल की स्पोर्ट्स कैप्टन संजना यादव चुनी गई। स्कूल स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन जय विश्वकर्मा चुने गए।

## स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान के संबंध में जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**सागर**। जिले में स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय में सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में जिला टास्क की बैठक संपन्न हुई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तिमोरी, डॉक्टर पी. आर्या, सिविल सर्जन डॉ.आर. एस. जयंत जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विपिन खटीक, डीसीएम एवं सभी बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम, महिला बाल विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सी.ई.ओ.द्‌वारा दस्तक अभियान की सफल क्रियान्वयन हेतु विभागों में आपसी सहयोग स्थापित करने हेतु निर्देश दिए गए। सीईओ सर द्वारा सभी बीएमओ को माइक्रो प्लान के अनुसार सभी पांच साल से कम उम्र के बच्चों को अभियान में प्रदत्त सभी सेवाएं देने के लिए निर्देश दिए और सत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के लिए निर्देश दिए ताकि कोई बच्चा स्वास्थ सेवाओं से वंचित न रहे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ममता तिमोरी द्वारा सभी बीएमओ., बीपीएम को सघन सुपरविजन एवं मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देश दिए ताकि अभियान की प्रभावशीलता सुनिश्चित हो और जिले में शिशु मृत्यु दर को काम किया जा सके ।

नगर निगम के समस्त कर्मचारी संघों ने निगमायुक्त का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 प्रतियोगिता में पहली बार टॉप 10 में आने पर निगमायुक्त ने सफाई मित्रों का पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रतिवर्ष होने वाली प्रतियोगिता में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के घोषित परिणामों ने सागर नगर को एक नई ऊँचाई पर पहुँचा दिया है, इस वर्ष सागर नगर ने राष्ट्रीय स्तर पर 10 वीं रैंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है जो नगर के लिए गर्व का विषय है। सागर शहर को यह उपलब्धि मिलने पर नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने सभी सफाई मित्रों एवं स्वच्छता कार्य से जुड़े सभी अधिकारी कर्मचारियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।इस अवसर पर म.प्र.नगर निगम / नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, आनंद मंगल गुरू, सईद उद्दीन कुरैषी एवं कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेन्द्र खटीक एवं सफाई कामगार यूनियन के सुदेश सनकत, सूरज मंछदर, राजेन्द्र सनकत सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने पहली बार निगमायुक्त राजकुमार खत्री के नेतृत्व में देश में 10 वीं रैंक आने पर पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया।





इस अवसर पर निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि सभी कर्मचारियों की कड़ी मेहनत एवं अपनी कर्त्तव्य परार्यणता का परिणाम है कि आज सागर का नाम देश में स्वच्छ सर्वेक्षण में गिना जा रहा है यह हमारे शहर के लिये गौरव की बात है। उन्होने कहा कि अन्य बड़े नगर निगमों की तरह हमारे पास संसाधन नहीं है लेकिन सीमित संसाधनों के बावजूद भी हमारे कर्मचारियों के अथक प्रयास से यह उपलब्धि हमें मिली है जिसके लिये शहरवासियों का भी भरपूर सहयोग हमें प्राप्त हुआ है मैं, सभी नागरिकों का हार्दिक अभिनंदन करता हूॅ। उन्होने कहा कि इस वर्ष हमें 10 वीं रैंक मिली है। हम प्रयास करेंगे कि हम कहॉ पर पीछे रह गये है उन कमियों को हम दूर करेंगे और आने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण में और अच्छी रैंक लाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र सनकत ने किया एवं आभार गौरवसिंह राजपूत ने किया। इस अवसर पर सभी नगर निगम कर्मचारी संघों के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगर निगम अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2675
उच्चतम भाव- 3405
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2680
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2380
उच्चतम भाव-2450
चना
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5945
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3625
धान
न्यूनतम भाव-2130
उच्चतम भाव-3050
मसूर
न्यूनतम भाव-4100
उच्चतम भाव-6600
सरसों
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-7650
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-4410
मूंग
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-7500
उड़द
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3300
धनिया
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-6500
तुअर
न्यूनतम भाव-4711
उच्चतम भाव-4711
अलसी
न्यूनतम भाव-6821
उच्चतम भाव-6821
जौ
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-2200

### कृषि मण्डी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 4255 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# पंचतत्व समिति ने 25 पौधों का किया रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पंचतत्व ने यह ठाना है, हर हाथ से पौधा लगाना है अभियान के अंतर्गत विभिन्न किस्मों के पौधे नगर के बर्रीघाट रोड स्थित चौरावर में क्रेशर यूनियन के सदस्यों ने और पंचतत्व संरक्षण समिति ने रोपे। जिसमें जामुन, पीपल, आम, सीताफल, बरगद, नीम, बेलपत्र, आंवला, गुलमोहर ओर सप्तपर्णी जैसे किस्मों के 25 पौधों का रोपण किया। जिनके संरक्षण की जवाबदारी क्रेशर यूनियन के सदस्यों ने ली है। यहां उल्लेखनीय है कि यूनियन के सदस्यों ने क्रेशर क्षेत्र में लगभग 15000 वर्गफिट की जगह को चारों ओर जाली लगाकर भैरोंबाबा एवं सिद्ध बाबा स्थल बनाया है। इसी बाउंड्री के अंदर पौधों को लगाया गया है। यूनियन के सभी सदस्यों ने इन पौधों को सुरक्षित कर पेड़ बनाने का संकल्प लिया है, पौधे पंचतत्व समिति के वरिष्ठ सदस्य विजय सोलंकी ने उपलब्ध कराए हैं। इस अवसर पर पंचतत्व के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत, मनोज राठौर, संजय भंडारी, मंगल सिंह राजपूत, ईश्वर सिंह, मुकेश रघुवंशी, अब्दुल मतीम, जीवन वैष्णव, अनंत सिंह, गोलू यादव, झब्बू, राकेश आदि उपस्थित थे।



# शहीद मंगल पांडे का जन्मदिवस और गोपालदास नीरज की पुण्यतिथि मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा स्थानीय शहर वाचनालय पुरानी नगर पालिका के पास शहर के गणमान्य नागरिकों ने क्रांति के अग्रदूत मंगल पांडे की जयंती तथा प्रसिद्ध कवि गोपाल दास नीरज की पुण्यतिथि मनाई।

इसमें समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि मंगल पांडे का जन्म उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ और वह क्रांति के अग्रदूत कहलाए। दीपक तिवारी ने मंगल पांडे को महान स्वतंत्रता सेनानी,गोपाल दास को प्रसिद्ध कवि बताया। अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गोपाल दास नीरज को भारत सरकार द्वारा पदम श्री व पद्म भूषण से सम्मानित किया गया, उनकी अमर रचना कारवां गुजर गया बहुत प्रसिद्ध हुई। कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया। इसमें प्राण सिंह भावसार, बबलू राय, रमेश सोलंकी, सुबोध जैन, नंदकिशोर सोनी, देवेंद्र शर्मा, मोहन सैनी सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे।

## स्वच्छता अमला जुटा है जल निकासी के साथ साफ-सफाई करने के लिए

# मानसून सीजन में जोर-शोर से चल रहा है नपा का सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बारिश के सीजन में कहीं जलभराव या जलजमाव न हो इसको लेकर नपा अमले ने मानसून के पूर्व से लेकर बरसात के इन दिनों में भी सफाई अभियान चला रखा है। इसी के तहत प्रतिदिन नपा अमला नगर के विभिन्न वार्डों में नाले नालियों की सफाई करते हुए जगह जगह से कचरे की सफाई भी करवा रहा है। ताकि नागरिकों को दिक्कत न हो और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी न उठानी पडें।

यहां उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष मानसून के पूर्व नपा द्वारा जलनिकासी के लिए नाले नालियों की सफाई कराई जाती है। इस वर्ष भी नपा ने यह अभियान चलाया था। इसके बाद मानसून के आते ही जगह जगह से नाले नालियों के चौक होने और कचरे के ढेर के कारण परेशानी होने की शिकायतें आ रही हैं। जिसको देखते हुए नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के निर्देश पर नपा के स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा के मार्गदर्शन में सफाई अमले द्वारा लगातार नाले नालियों एवं कचरे की सफाई का अभियान चलाया जा रहा है।





इसी के तहत शनिवार को वार्ड क्रमांक 4 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 6 में राम सिंह यादव के घर के पास वाली नाली की सफाई करवाई गई। पार्षद मनीष विश्वकर्मा, नितिन यादव एवं सभापति के अलावा स्वच्छता अधिकारी आरके नेमा, स्वच्छता निरीक्षक प्रभारी अभिषेक श्रीवास्तव, प्रभारी मेट शीतल खरे की मौजूदगी में काम कराया गया। इसके अलावा वार्ड नंबर 16 सुंदर मंदिर के पास सिद्धिविनायक कॉलोनी में सफाई का काम कराया गया। कॉलोनी में गंदगी को देखते हुए लोग बहुत परेशान थे। गत दिवस नागरिकों ने नगर पालिका पहुंचकर सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव को अपनी समस्या बताई थी। जिसके बाद उनके निर्देश पर सफाई अमले ने पूरी नालियां साफ करते हुए जलनिकासी के लिए कुछ रैम भी तोड़े और व्यवस्थित काम किया। इस सफाई के बाद कॉलोनी के लोगों ने नपा प्रशासन का आभार भी व्यक्त किया। इधर वार्ड क्रमांक 24 में भाउआ जी के पीछे वाला नाला एवं पुलिया की सफाई स्वच्छता अमले द्वारा की गई। वहीं वार्ड क्रमांक 14 शासकीय स्कूल के पीछे आंगनबाड़ी के पास के ग्राउंड की सफाई कर्मचारी द्वारा की गई।

यहां उल्लेखनीय है स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में नगर पालिका परिषद गंजबासौदा को विदिशा सिरोंज की ही भाँती एक स्टार रैंक हासिल हुई है। इस सर्वेक्षण में अलग-अलग व्यवस्थाओं और प्रबंधन को लेकर कुल 12500 अंक रखे गए थे। जिनमें से नपा गंजबासौदा 9720 अंक पाकर एक स्टार की श्रेणी में आया है। अभी नपा प्रबंधन द्वारा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, सीवेज लाइन सहित पुराने कचरे के निष्पादन की योजनाओं को क्रियान्वयन किया जा रहा है। स्वच्छता रैंकिंग में लगातार सुधार होना नगर की सफाई व्यवस्था के ही कारण संभव हो पा रहा है। सफाई कर्मचारियों की लगातार मेहनत और कार्य कुशलता के साथ नागरिकों के सहयोग से आगामी समय में नपा की स्वच्छता में रैंकिंग और भी सुधर सकती है और नगर पालिका टॉप 20 में शामिल हो सकती है।

### देहात थाना पुलिस ने की नगद इनाम की घोषणा


**गंजबासौदा।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने देहात थाना के एक प्रकरण में फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए तीन-तीन हजार रूपए नगद इनाम देने की घोषणा की है। देहात थाना में दर्ज अपराध में फरार आरोपी बुन्देल सिंह पुत्र अनंत सिंह लोधी निवासी नयागांव थाना त्योंदा की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वालों के लिए क्रमशः तीन-तीन हजार रूपए का नगद इनाम घोषित किया गया है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# वेदांत आश्रम में प्रतिदिन हो रहा पार्थिव शिवलिंग निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में पावन सावन के मौके पर प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण के साथ रुद्राभिषेक किया जा रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग रूपों में शिवलिंग निर्माण के पश्चात भगवान शिव का पंचामृत स्नान, पूजन के साथ उनका अद्भुत श्रृंगार किया जाता है। शनिवार को आश्रम में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण बाबा जगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। शिवपूजन के दौरान आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने बताया कि जो प्रतिदिन पार्थिव पूजन करता है, उसे इस लोक और परलोक में भी अखंड शिव भक्ति प्राप्त होती है। सावन के महीने में पार्थिव शिवलिंग की पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है, क्योंकि यह महीना भगवान शिव को अति प्रिय है। शिव पुराण के अनुसार, पार्थिव पूजन से दस हजार कल्प तक स्वर्ग में स्थान मिलता है और अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है।

आश्रम में संस्कृत विद्यालय के वेद अध्यापक शिवशंकर पांडेय बनारस ने पार्थिव पूजन के महत्व को बताते हुए कहा कि कच्ची मिट्टी का शिव-लिंग बनाकर उसका किया जाने वाला पूजन पार्थिव पूजन कहलाता है। सावन मास को शिव जी का माह माना जाता है, इसलिए इन दिनों पार्थिव शिवलिंग बनाकर शिव पूजन करना विशेष पुण्य प्रदायक होता है। शास्त्रों के अनुसार पार्थिव शिवलिंग का पूजन करने से करोड़ों यज्ञों के बराबर फल भी प्राप्त होता है। कलयुग में कूष्माण्ड ऋषि के पुत्र 'मंडप ऋषि' ने पार्थिव पूजन प्रारम्भ किया था। शिव महापुराण के अनुसार पार्थिव पूजन से धन, धान्य, आरोग्य और पुत्र की प्राप्ति होती है। वहीं मानसिक और शारीरिक कष्टों से भी मुक्ति मिल जाती है। पार्थिव पूजन से अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है।



शिवपुराण में लिखा है कि पार्थिव पूजन सभी दुःखों को दूर करके सभी मनोकामनाएं पूर्ण करता है। भगवान श्री राम ने भी लंका पर विजय पाने व रावण के साथ युद्ध करने से पहले पार्थिव शिवलिंग की पूजा की थी। श्री राम द्वारा इस पूजा को करने के बाद उन्होंने लंका पर विजय प्राप्त की थी। न्याय के देवता शनिदेव ने भी सूर्य से अधिक शक्ति पाने के लिए काशी में पार्थिव शिवलिंग बनाकर भगवान महादेव की पूजा की थी।

### यातायात पुलिस ने नगर में चलाया जागरुकता अभियान

**गंजबासौदा।** पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के नेतृत्व में यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी, वीरेंद्र तिर्की, राजीव पाण्डेय, मनीष साहू बस स्टैंड पर ऑटो चालक भाइयों को नशे से दूर रहने एवं नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया और नशा ना करने की शपथ दिलाई गई। नशे के सौदागरों के विरुद्ध पुलिस को सहयोग देने की अपील की गई एवं जागरूक नागरिक बनें, पुलिस का साथ दें और नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करें।



### रेलवे ट्रेक पर मिले तमिलनाडु के मृतक का शव पहुंचाया

**गंजबासौदा।** पिछले दिनों ग्राम छुल्हैंटा के पास डाउन ट्रेक पर एक शव पुलिस ने बरामद किया था। शव की पहचान उसके पास मिले आधार कार्ड से हुई। जिसमें उसका नाम मासानामुत्थु अविराकम उम्र 42 वर्ष दर्ज था। जबकि उसका निवास स्थान सुडाविलाई तिरूनावैली तमिलनाडु था। पुलिस ने इस जानकारी के आधार पर मृतक के परिजनों से संपर्क किया और फिर गत दिवस एंबुलेंस से मृतक का शव उसके गृह नगर तक पहुंचाने के लिए रवाना किया गया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मीडिया कम्प्यूटर कॉलेज के छात्रों का जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मीडिया कंप्यूटर कॉलेज में बीसीए छठवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत एक विशेष पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों को उनके जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर फरहा खातून ने जिले में प्रथम स्थान, सोमिल नेमा ने द्वितीय स्थान, और रक्षा जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज और अपने परिजनों का नाम गर्व से ऊँचा किया। कॉलेज के डायरेक्टर कमलेश शर्मा ने छात्रों को पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि, श्यह सफलता इन छात्रों की मेहनत, अनुशासन और हमारे शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। ऐसे प्रतिभावान छात्र न केवल कॉलेज बल्कि पूरे जिले की शान होते हैं। उन्होंने अन्य छात्रों को भी निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी और कहा कि मीडिया कंप्यूटर कॉलेज हमेशा से गुणवत्ता आधारित शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है।




## एक पेड़ मां के नाम पर परिसर में रोपे पौधे, करेंगे संरक्षण

# एसजीएस महाविद्यालय में हुआ पौधरोपण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किए गए।

पौधरोपण करना एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है। जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। पेड़ हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह हमें ऑक्सीजन, स्वच्छ हवा, भोजन दवाईयां और वन्य जीवों के लिए आवास प्रदान करते हैं। पेड़ जलवायु को नियंत्रित करने मृद्धा अपरदन को रोकने और जैव विविधता की रक्षा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक पेड़ मां के नाम का कार्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन एवं घनश्याम चौकसे के नेतृत्व में किया गया।

रासेयो की वरिष्ठ स्वयं सेविका अंजली झा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने पौधरोपण किया। भूमि रघुवंशी, धर्मेंद्र गुर्जर, पीयूष कुशवाहा मौजूद थे।

### साढ़े पांच सौ घनमीटर से अधिक रेत किया जब्त

**गंजबासौदा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में प्रभारी खनिज अधिकारी प्रशांत कुमार तिवारी के नेतृत्व में खनिज निरीक्षक राजीव कदम, पटवारी एवं मय अमले राजपाल राजपूत के साथ ग्राम चैरावर स्थित शासकीय भूमि रकबा 1.045 हे. के अंशभाग क्षेत्र में रेत के एक ढेर के रूप में रखे अवैध भण्डारण की आकस्मिक जांच की। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि यह रेत लोकेश रघुवंशी निवासी ग्राम गमाखर ने डलवाई है। रेत की माप की गई जिसमें 561.60 घनमीटर रेत को जब्त कर कोटवार सूरजसिंह अहिरवार को सुपुर्दगी में दी गई। अवैध भण्डारणकर्ता के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत कार्रवाई हेतु प्रकरण कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई सट्टा खाईबाज गिरफ्तार

**बरेली।** नगर में सट्टे का कारोबार अमरबेल की तरह फैलता जा रहा था जिसको लेकर आए दिन पुलिस के द्वारा कार्यवाही की जा रही थी। लेकिन जिस तरह पुलिस कार्यवाही कर रही थी इस तरह नगर में सट्टा खिलौने वाले नए-नए तरीके इजाद करने में लगे हुए थे। वर्तमान में देखा जा रहा था कि अधिकतर सट्टे का कारोबार मोबाइल के माध्यम से संचालित हो रहा था। जिसको लेकर कार्यवाही में पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ता था। ऐसी स्थिति में पुलिस के द्वारा सट्टा का व्यापार करने वालो का मोबाइल नंबर आदि पर नजर रखी जा रही थी।नवागत एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती के निर्देशन मे थाना प्रभारी के द्वारा अपराधिओं के ठिकानो पर लगातार कार्यवाही जारी है।

इस दौरान बीते शुक्रवार को ठाकुर मोहल्ला में बबलू ठाकुर पिता गोपाल को सट्टा खिलाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया जिससे 870 रूपये एवं 4 सट्टा पर्ची बरामद की गई।

# गंगा श्री प्ले स्कूल का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को स्थानीय अंबेडकर चौक पर गंगा श्री प्ले स्कूल का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्ले स्कूल के संचालक सेनित भावसार और प्राचार्या प्रीति भावसार ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर बोलते हुए नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने वर्तमान समय के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि परिवार एकल हो गए हैं।




अधिकांशतः परिवारों में देखा जा रहा है कि नौकरी पेशा एवं आम परिवारों में अनेक कारणों से अलग रहने के कारण छोटे बच्चों में ना बोलना, बच्चों का चुप चुप रहना और मोबाइल जैसी अनेक प्रवृत्तियां बढ़ती जा रही है। इसको देखते हुए प्ले स्कूलों का महत्व बढ़ता जा रहा है। बच्चों को प्ले स्कूलों में भेजकर अनेक गलत प्रवृत्तियों से दूर रखा जा सकता हैं। इसी क्रम में एसडीओपी शिखा भलावी ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि बच्चों को प्ले स्कूल में भेजने से बच्चों में अनेक बदलाव आते हैं। बच्चे खेल-खेल में बहुत सी चीज सीखते हैं और उनकी रुचि की जानकारी भी मिलती है। बच्चे आपस में खेलते हैं, मिलते हैं और बातें करते हैं। जिससे उन्हें एक नए अनुभव का आभास होता है। जो आज के वातावरण को जरूरी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छोटे-छोटे बच्चे अपने पेरेंट्स के साथ कार्यक्रम में पहुंचे और प्ले स्कूल में उपलब्ध नए-नए खिलौनों से खेलने का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन शिवानी सुमन और प्रियंका साहू ने किया और आभार प्राचार्या प्रीति भावसार ने व्यक्त किया।

## रामेश्वर त्रिवेणी संगम को पर्यटन के नक्शे पर लाएंगेः सांसद

# त्रिवेणी में भक्तों का संगम, कांवड में जल भरकर निकला भक्तों का जत्था

**देश की 10 पवित्र नदियों में शामिल है चंबल नदी, हम इसका धार्मिक महत्व बढ़ाएंगेः रामनिवास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

चंबल, बनास और सीप नदियों के मिलन स्थल रामेश्वर धाम में रविवार को शिव भक्तों का संगम हुआ और पूरा संगम तट हर हर गंगे, हर हर महादेव के स्वरो से गूंज उठा। अवसर था पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत द्वारा आयोजित कावड यात्रा के शुभारंभ का। संगम तट से करीब 115 किलोमीटर लंबी कावड यात्रा का आगाज करते हुए रामनिवास रावत ने कहा कि देश में जैसे गंगा-यमुना और दूसरी 10 पवित्र नदियां है, उनमें हमारी चंबल नदी भी शामिल है। चंबल नदी का पौराणिक और धार्मिक महत्व है। हम इसका महत्व और अधिक बढ़ाने का काम करेंगे। इसलिए आज चंबल नदी स्थित रामेश्वर के त्रिवेणी संगम का जल कांवरों में भरकर भगवान भोलेनाथ का सावन के पवित्र माह में अभिषेक करने जा रहे है। 23 जुलाई को यह कांवड यात्रा विजयपुर क्षेत्र के प्राचीन छिमछिमा हनुमान मंदिर पर पहुंचेंगी। जहां भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाया जाएगा। इस कावड यात्रा में करीब पांच हजार भक्तो के शामिल होने का अनुमान है।

रामेश्वर संगम तट पर कांवड़ यात्रियों का जत्था शनिवार रात ही पहुंच गया था। रविवार तड़के से ही संगम तट भगवान भोलेनाथ की भक्ति से सराबोर हो गया। पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ने पहले संगम तट पर बैठकर पूजा-अर्चना की। इस मौके पर क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि चंबल नदी पर बना रामेश्वर धाम पवित्र स्थान है। षेत्र के लोगों की यहां से गहरी आस्था जुड़ी है। हम इस स्थान पर पर्यटन गतिविधियां बढ़ाएंगे। इसके लिए वन विभाग आदि से जो भी अड़चने आ रही है, उन्हें दूर करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर यहां बडी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता भी पहुंचे। पूजा अर्चना के बाद पूर्व मंत्री रावत एक मोटर बोट में बैठकर चंबल नदी में पहुंचे। यहां उन्होंने महामृत्युंजय मंत्र का खुद जाप किया। खुद की कांवड में नदी का जल भरा। पूजा-अर्चना और आरती के पश्चात बडी संख्या में कांवडियों का जत्था गंतव्य के लिए रवाना हुआ। सुबह करीब 11 बजे सभी कांवड़िए मानपुर होते ही छिमछिमा के लिए कूच कर गए।



### टर्राखुद में हुआ पहला पड़ाव, आज वीरपुर में पहुंचेगी यात्रा

रविवार को कांवड यात्रियों का जत्था रामेश्वर त्रिवेणी संगम से शुरू हुआ। मानपुर, धीरोली, बगदिया होते हुए टर्राखुर्द में देर शाम सभी यात्री पहुंचे। रास्ते में कावडियों का जगह जगह स्वागत किया। पहले पड़ाव पर रात्रि विश्राम किया गया। 21 जुलाई को सुबह 8 बजे यात्रा टर्राखुर्द से आगे बढेगी। नहर के रास्ते रघुनाथपुर होते हुए वीरपुर पहुंचेंगी। वीरपुर में रात्रि विश्राम होगा। 22 जुलाई को वीरपुर से शुरू होकर कैमारा, टैंटरा, गढ़ी, उपचा होकर विजयपुर में रात्रि विश्राम होगा। 23 जुलाई को विजयपुर से शुरू होकर डाबीपुरा, गोपालपुर व चंदेली होते हुए छिमछिमा पहुंचेंगी। जहां भगवान भोलेनाथ पर पूर्व मंत्री रामनिवास रावत कांवड के जल से अभिषेक करेंगे। साथ ही दिनभर रूद्राभिषेक जैसे पाठ और पूजा-अर्चना कर भोलेनाथ को रिझाएंगे।



### गाजे-बाजे के साथ गिरिराज महाराज की पैदल यात्रा रवाना

श्योपुर। रविवार को श्री गिरिराज जी महाराज की 17 वीं पैदल यात्रा शहर से गाजे बाजे के साथ रवाना हुई। टोड़ी गणेश मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना और ध्वज पूजन के साथ पदयात्रा रवाना हुई। रामजानकी मंदिर के महंत रामभरोस महाराज के सानिध्य में आरंभ हुई इस यात्रा के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्रीय सांसद शिव मंगल सिह तोमर सहित अन्य राजनेता व गणमान्य लोग पहुंचे। यात्रा प्रारंभ होते हुए पदयात्री टोड़ी बाजार, मुख्य बाजार, गुलंबर चौक, पुराना बसस्टैण्ड, पाली रोड और सलापुरा होते हुए रवाना गए। पदयात्री में डीजे की धुनों पर नाचते-गाते निकले। इस अवसर पर यात्रियों को विदाई देने के लिये बड़ी संख्या में आमजन एकत्रित हुए। पैदल यात्रियों ने राजस्थान की सीमा में स्थित खेडीकुटी आश्रम पर भोजन और रात्रि विश्राम किया। भाजपा नेता रामलखन नापाखेडली ने बताया कि यात्रा का दूसरा पड़ाव हायरसैकेण्डरी स्कूल बालेर, तीसरा पड़ाव कैलादेवी, चौथा पड़ाव हिंडोन स्कूल, पांचवा पड़ाव बयाना, छठवा पड़ाव भरतपुर बायपास पर होगा, इसके बाद 26 जुलाई को पैदल यात्रा गोवर्धन पहुंच जाएगी और पैदल यात्री परिक्रमा शुरू कर देगे। परिक्रमा के बाद यही रात्रि विश्राम करेगे इसके बाद 27 जुलाई को गिरिराज जी महाराज पर झंडा चढाकर पैदल यात्रा का समापन किया जाएगा।

## पुरानी सब्जी मंडी में दिनदहाड़े हुई मोबाइल लूट की वारदात को पुलिस ने किया ट्रेस

# महिला के हाथ से मोबाइल लूटकर भागे एक बदमाश चिन्हित, दूसरे को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर की पुरानी सब्जी मंडी में करीब पखवाडेभर पहले घटित हुई मोबाइल छीनकर भागने की वारदात को कोतवाली थाना पुलिस ने ट्रेस कर लिया है। यह वारदात विट्ठलपुर निवासी दो भाईयों ने मिलकर अंजाम दी है। कोतवाली पुलिस ने एक बदमाशा को दबोच कर उसके कब्जे से लूटा गया मोबाइल और वह मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है,जिस पर बैठकर उनके द्वारा इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने दूसरे आरोपी की तलाश में जुट गई है।

बता दें कि शहर की श्री हजारेश्वर कॉलोनी निवासी सरोज शिवहरे पत्नी धर्मेन्द्र शिवहरे जब 5 जुलाई को दिन के समय किसी काम से पुरानी सब्जी मंडी में पहुंची थी,जहां उसके हाथ से बाइक सवार दो बदमाश 10 हजार रूपए कीमत का मोबाइल छीनकर भाग गए। महिला ने इस मामले की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई। एसपी वीरेन्द्र जैन ने दिनदहाडे हुई इस वारदात को गंभीरता से लिया और कोतवाली टीआई दिनेश सिंह राजपूत की अगुवाई में एक पुलिस टीम गठित करते हुए इस वारदात को जल्द ट्रेस करने के निर्देश दिए।

कोतवाली टीआई दिनेश सिंह राजपूत ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज, साइबर तकनीक के उपयोग और मुखबिर तंत्र की सक्रियता के चलते इस वारदात को अंजाम देने वाले दोनो बदमाशों को नामजद कर लिया है। यह वारदात गुरूदेव सिंह उर्फ मोंटू पुत्र जनरेल सिंह राय सिख निवासी विट्ठलपुर ने अपने भाई सूरज उर्फ सुरजन सिंह सिख के साथ मिलकर अंजाम दी। पूछताछ के दौरान आरोपी गुरूदेव सिंह ने वारदात को अंजाम देना न सिर्फ कबूल कर लिया,बल्कि उसकी निशानदेही पर लूटा गया महिला का मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त की जाने वाली बाइक को जब्त कर लिया है। वहीं दूसरे आरोपी सूरज की तलाश शुरू कर दी है। दोनो भाईयों के खिलाफ कोतवाली थाने में लूट,डकैती सहित अन्य धाराओं का मुकदमा पहले से दर्ज है। इस मामले में कोतवाली टीआई के अलावा प्रआ लोकेन्द्र कंषाना, अवधेश कुमार, आरक्षक अजरूद्दीन, बृजमोहन यादव, रविन्द्र त्यागी, अरमान खान आदि की भी सक्रिय भूमिका रही है।

# बच्चे की टीसी निकलवाने स्कूल पहुंचे अभिभावक से संचालक ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



बच्चे की टीसी कटवाने के लिए स्कूल पहुंचे एक अभिभावक की स्कूल के संचालक ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर मारपीट कर दी। यह मामला ढोढर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने स्कूल संचालक और उसकी पत्नी के खिलाफ मारपीट की एफआईआर दर्ज कर ली है। ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि खोजीपुरा निवासी रामेश्वर प्रजापति का बच्चा गुड सेफड स्कूल बगदरी में कक्षा तीन में पढता है। शनिवार को रामेश्वर प्रजापति अपने बच्चे की टीसी कटवाने के लिए स्कूल पहुंचा। जहां उसका स्कूल संचालक से टीसी कटवाने की बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ गई कि स्कूल संचालक सतीश ने गाली गलौच करते हुए रामेश्वर प्रजापति की मारपीट कर दी। जबकि सतीश के साथ मौजूद उसकी पत्नी सीना ने अभिभावक के साथ गाली गलौच और अभद्रता कर दी। इस मामले में रामेश्वर प्रजापति की रिपोर्ट पर सतीश और सीना के खिलाफ गाली गलौच और मारपीट किए जाने की एफआईआर दर्ज कर ली है।

### इधर बोर चलाने की बात पर बडे भाई ने कर दी छोटे की मारपीट

बडौदा थाना क्षेत्र के गांव बागल्दा में घर की बोर चलाने की बात को लेकर दो भाईयों के बीच विवाद हो गया। पुलिस ने बताया कि कहासुनी से शुरू हुआ विवाद मारपीट कर पहुंच गया। इस दौरान राम भरत मीणा ने गाली गलौच करते हुए उसके छोटे भाई रामचरत मीणा की मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान रामचरत जख्मी हो गया,जिसे बडौदा अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में पुलिस ने रामचरत मीणा की पत्नी अलिफलैला की रिपोर्ट पर रामभरत के खिलाफ मारपीट की एफआईआर दर्ज कर ली है।

# सोबरन सिंह जादौन निर्विरोध चुने गए क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष

**राजपूत छात्रावास में हुआ क्षत्रिय महासभा का चुनाव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जिला मुख्यालय पर रविवार को राजपूत छात्रावास में रविवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा श्योपुर की एक जिला स्तरीय बैठक में आयोजित हुई।

महासभा के वर्तमान अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में महासभा के नए जिलाध्यक्ष का चुनाव कराया गया। निर्वाचन अधिकारी रामबल सिंह सिकरवार, सहायक निर्वाचन अधिकारी गंभीर सिंह तोमर व घनश्याम सिंह सेंगर तथा पर्यवक्षेक सतेन्द्र सिंह सिकरवार की देखरेख में आयोजित चुनाव प्रक्रिया के दौरान सर्वसम्मति से सोबरन सिंह जादौन को क्षत्रिय महासभा श्योपुर का नया जिलाध्यक्ष चुना गया। वहीं रविंद्र सिंह तोमर को कार्यकारी जिला अध्यक्ष,सूरज सिंह सिकरवार को युवा क्षत्रिय महासभा जिला अध्यक्ष तथा लाला ठाकुर को कार्यकारी अध्यक्ष लाला नियुक्त किया गया। इसी प्रकार श्योपुर ब्लाक अध्यक्ष सोमेश सिंह राठौड़ कराहल ब्लॉक अध्यक्ष बंटी सिंह चौहान को बनाया गया। निर्वाचन के बाद सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का उपस्थित समाजीय लोगो ने पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। बैठक में बडी संख्या में क्षत्रिय महासभा से जुडे लोग मौजूद थे।

# पूरण बने राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



समाजसेवी पूरण लाल प्रजापति राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के जिला अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं उनका मनोनयन संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष की सहमति से किया। प्रजापति समाज को एकजुट करने और समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने जैसी गतिविधियां संचालित करने के उद्देश्य प्रजापति समाज द्वारा राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ का गठन किया गया है जिसके तहत जिले में भी कार्यकारिणी का विस्तार किया जाना है इस उद्देश्य से वीरपुर तहसील के गौहर गांव निवासी पूरनलाल प्रजापति का मनोनयन जिलाध्यक्ष के लिए किया गया है। पूरनलाल ने अपनी नियुक्ति पर वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताते हुए शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर संगठन का विस्तार करने की बात कही है।

### पीएम जनमन में बनेगी 42 सड़कें,भेजा प्रस्ताव

श्योपुर।प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत सहरिया बाहुल्य ग्रामों में रोड कनेक्टिविटी के लिए 42 नवीन सडको के प्रस्ताव भेजे गये है, जिसके तहत 49 करोड 68 लाख 54 हजार रूपये लागत से विभिन्न ग्रामों में 74.38 किलोमीटर लम्बी सडके बनाई जायेगी, जिससे इन ग्रामों के ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होगी।पीएमजीएसवाय के महाप्रबंधक सतेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में वर्ष 2025-26 के लिए पीएम जनमन के तहत 42 सडको के प्रस्ताव भेज दिये गये है, जिन्हें शीघ्र ही स्वीकृति मिलने वाली है।

# बूथ स्तर के कार्यकर्ता को मजबूत किए बिना जीत असंभवः पहाड़िया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



पार्टी की जान बूथ स्तर पर तैनात कार्यकर्ता होता है। जब तक हम बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं को मजबूत नहीं करेंगे तब तक किसी भी चुनाव को जीतने की स्थिति में नहीं रहेंगे। इसलिए बूथ लेवल से ही संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता है। यह बात कबीर आश्रम पर बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा चुनाव को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि भीमसेन पहाड़िया ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही।

आगामी विधानसभा चुनाव 2028 को ध्यान में रखते हुए विधानसभा स्तरीय बैठक में शामिल होने श्योपुर पहुंचे पहाड़िया ने पार्टी के कार्य की समीक्षा की इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल पर कार्यकर्ताओं को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गंगाधर जाटव ने उन्हें बताया कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर बूथ लेवल से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ता निष्ठावान हो इसका ध्यान में रखते हुए चुनाव किया गया है। इस दौरान जिला प्रभारी मोहन बौद्ध, कांसीराम सेंगर, जिला उपाध्यक्ष एड जमील कुरैशी, जिला महा सचिव महेश जोनवार आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

## मौत बनकर बीच बाजार में खड़ा है खंडहर भवन

# दिन में चोरों का रात को नशेडियों का अड्डा बन जाती है सुबात कचहरी,जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के किला रोड स्थित मैन मार्केट में सुबात कचहरी का खाली पड़ा खंडहर भवन लंबे समय से चोर उचक्के और नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। इस खंडहर में जहां दिन में चोर उचक्के जमे रहते हैं वहीं शाम होते ही नशेडियों का जमघट लगने लगता है। इस भवन में ऐसा कोई कक्ष या खुला मैदान नहीं है जहां नशेडियों द्वारा अपने नशे के सबूत (एविल इंजेक्शन की खाली शीशी और सिरिंज) न छोड़े हों। सुबात कचहरी के भीतर नशा करते नशेडी और चोरी करते चोर उचक्के सारे शहर को दिखाई पड़ते हैं पर इन्हें रोकने के लिए जिम्मेदार पुलिस को क्यों दिखाई नहीं पड़ते यह समझ से परे है।

सुबात चौराहा से आगे किला रोड पर बनी सुबात कचहरी विगत दो दशकों से भी अधिक समय से खाली खंडहर बनकर नशेड़ियों का अड्डा बन चुकी है कभी जिला न्यायालय का अधिकार रखने वाली यह बिल्डिंग आज उन चोरों का अड्डा बन गई है जिन चोरों को इस बिल्डिंग से जेल की हवा खिलाई जाती थी। इस भवन से न्यायालय दूसरे भवन में शिफ्ट होने के बाद ताला डाल दिया गया और उसके बाद प्रशासन ने इसकी सुध नहीं ली भवन में रखी क्विंटलो न्यायालय के कागज चोरों ने चोरी कर बेच डालें। इस भवन में लोहे के जंगले, किवाड़ और लड़कियों के दूसरे सामान भी तोड़कर बेचने का काम आज भी किया जा रहा है। कचहरी के भीतर से चोर सामान निकालकर ले जाते दिखाई पडते हैं और शाम होते ही नशेड़ी से कचहरी में घुस जाते हैं हालांकि जो मुख्य गेट है वहां ताला डाला हुआ है लेकिन खारा कुआं के पास (पीछे वाला रास्ता) कचहरी में घुसने के लिए रास्ता दीवार तोड़कर बनाया गया है यहीं से चोर भीतर से चोरी कर सामान निकालते हैं और नशेड़ी नशा करने के लिए अंदर घुस जाते हैं। स्मैक का नशा करने वाले नशेडियों के नशे में उपयोग होने वाले एविल इंजेक्शन की खाली शीशी और सिरिंज के ढेर इधर उधर पड़े बिखरे दिखाई पड़ जाएंगे।



### कॉम्प्लेक्स के लिए बनाई योजना, बोली लगाकर बेचा

बीच बाजार में स्थित सुबात कचहरी भवन अनुपयोगी ओर खंडहर हो जाने के कारण प्रशासन ने इसे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और बनाने के लिए हाउसिंग बोर्ड को सौंपा था। तत्कालीन कलेक्टर शिवम वर्मा ने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स आधुनिक तरीके से बनाए जाने के लिए प्लानिंग भी कर ली थी लेकिन हाउसिंग बोर्ड ने इसे ऑनलाइन बोली लगाकर बेच दिया। जिससे बेरोजगार युवाओं को इस प्रस्तावित शॉपिंग में दुकान लेकर स्वरोजगार का देखा सपना भी चूर हो गया।



### दशकों तक न्याय प्रदाता रही आज खंडहर हुई बिल्डिंग

श्योपुर जिला बनने से पहले कचहरी और तहसील शहर के बीचों बीच स्थित थी, लेकिन 1998 में जिला बनने के बाद कलेक्ट्रेट, जिला न्यायालय शिवपुरी रोड पर पहुंच गया। जिससे करीब 27 साल से यह भवन खाली पड़ा हैं। प्रशासन की अनदेखी के चलते खंडर गिरने के कगार पर भी पहुंच गया है। खास बात यह है कि सुबात कचहरी भवन में पहले जिला न्यायालय संचालित था साथ ही राजस्व न्यायालय भी इसी भवन में संचालित होते थे। जब देश आजाद नहीं हुआ था तब भी सुबात कचहरी न्याय का मंदिर थी अंग्रेजों के जमाने में और उससे पहले राजा महाराजा भी इसे न्याय का मंदिर बनाए हुए थे दशकों तक या यूं कहें कि सदियों तक यह बिल्डिंग न्याय का मंदिर रहे तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

# जंगली सूअर के हमले में मृत किसान को 25 लाख मुआवजा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतुल चौहान ने विगत दिनों जंगली सुअर के हमले में घायल हुए किसान को 25 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग शासन प्रशासन से की है। उन्होंने यह बात मृतक के घर पर मातम पुरसी के दौरान कही बाद में इस संबंध में कलेक्टर से भी बात की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष चौहान ने कहा कि किसान सीताराम बैरवा की मृत्यु खेत पर वन्य जीव हमले में हुई है उन्होंने कहा कि प्रदेश में नए वन्यजीव कानून के तहत सरकार 25 लाख की मुआवजा राशि जिसमें 10 लाख नगद और 15 लाख किसान के परिजनों के नाम फिक्स डिपोजिट के रूप में दे। चौहान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जिन पर वन मंत्रालय का प्रभार भी है उनसे मांग की है कि किसान को मुआवजा राशि मंजूर की जाए।

# एक व्यक्ति दो पौधे के संकल्प के साथ योग साधकों ने गायत्री शक्ति पीठ परिसर में किया पौधरोपण

श्योपुर। शहर के बस स्टैंड पर संचालित योगशाला के साधकों ने एक व्यक्ति दो पौधे के संकल्प के साथ शुरू किए पौधा रोपण कार्यक्रम के तहत रविवार को गायत्री शक्ति पीठ मंदिर पर फल,फूल,एवं औषधीय पौधे लगाए। इस दौरान प्रत्येक योग साधक ने अपने हाथों से दो दो पौधो का रोपण किया। इस मौके पर योग गुरु मुकेश पाराशर, बनवारी शिवहरे, धर्म सिंह चौधरी, देवेन्द्र शर्मा, सुरेश लोधा ,केशव गोयल,गिरिराज गर्ग ,बनवारी शिवहरे,सुधाकर पचौरी,प्रमिला गोयल, शुभम गोयल, यशवी गौर, अंजलि गौर,ज्योति गौर, नित्यानंद मंगल,सोनू गोयल आदि योग साधक मौजूद थे।



**खबर संक्षेप**

### 5 सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनर्स एसोसिएशन कल देगी ज्ञापन

**शिवपुरी।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला इकाई द्वारा मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा जाएगा। पेंशनर्स एसोसिएशन के संरक्षक चंद्रभूषण पांडे व जिला कार्यकारी अध्यक्ष महेश भार्गव महाकाल ने बताया कि जिले के पेंशनरों की पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी अभियान के तहत 22 जुलाई को शाम 4.30 बजे जिला स्तरीय ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर सभी पेंशनरों से ज्ञापन में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

### जिले में अभी तक 735.12 मिमी औसत बारिश की गई दर्ज

**शिवपुरी।** जिले में 01 जून 2025 से अभी तक 735.12 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 326.72 मिमी औसत वर्षा हुई थी। भू.अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मिमी है। गत वर्ष जिले में कुल 1291.84 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। उन्होंने बताया कि अभी तक शिवपुरी में 588.70 मिमी, बैराड़ में 725 मिमी, पोहरी में 675 मिमी, नरवर में 1061 मिमी, करैरा में 866.90 मिमी, पिछोर में 680 मिमी, कोलारस में 592.50 मिमी, बदरवास में 680 मिमी तथा खनियांधाना में 747 मिमी बारिश दर्ज हुई है।

### मुख्यमंत्री विमुक्त घुमन्तु अर्द्धघुमन्तु स्वरोजगार योजना से आत्मनिर्भरता की राह आसान

**शिवपुरी।** जिले के विमुक्त, घुमंतू और अर्द्धघुमंतू समुदायों के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में शासन द्वारा मुख्यमंत्री विमुक्त घुमन्तु अर्द्धघुमन्तु व्यक्तिमूलक स्वरोजगार योजना वर्ष 2022 चलाई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य इन समुदायों के व्यक्तियों को अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए आर्थिक सहयोग देना है। योजना दो स्वरूपों में संचालित है कृएक विभागीय स्तर पर और दूसरा संबंधित अभिकरणों के माध्यम से। इसके अंतर्गत आवेदकों को 10 हजार रुपये से 1 लाख रुपये तक की परियोजनाओं पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। ऋण लेने वाले लाभार्थियों को परियोजना लागत का 25 प्रतिशत या अधिकतम 20 हजार रुपये तक की अनुदान राशि तथा 6 प्रतिशत ब्याज की दर से ब्याज अनुदान भी प्रदान किया जाता है। इस योजना का लाभ वे व्यक्ति ले सकते हैं जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष के बीच है और जो आयकर दाता नहीं हैं। विभागीय योजना ;भाग.1द्ध में शैक्षणिक योग्यता की कोई अनिवार्यता नहीं है, जबकि अभिकरण आधारित योजना भाग.2 के लिए न्यूनतम आईटीआई प्रशिक्षण या चयन समिति द्वारा प्रस्तावित व्यक्तिमूलक प्रकरण आवश्यक है।

### युवा संगम कार्यक्रम 24 जुलाई को

**शिवपुरी।** युवाओं को रोजगार स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर एक ही मंच पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास विभाग के निर्देशन एवं कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में शिवपुरी जिले में आगामी 24 जुलाई को शासकीय आईटीआई झांसी रोड, शिवपुरी में सुबह 11 बजे से जिला स्तरीय युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से किया जाएगा। जिसमें एक ही मंच पर रोजगारए स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए अवसर उपलब्ध कराने आकांक्षी युवाओं को लाभान्वित किया जाएगा। ऐसे बेरोजगार जिनकी योग्यता 8वी, 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं आईटीआई हैं और 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग के भाग ले सकते हैं। इसमें प्रदेश की निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां टीम प्लस एच आर सर्विसेज, स्किल्स विज़न आर्गेनाइजेशन पीथमपुर, धार, चैक मेट सिक्योरिटी सर्विस अहमदाबाद, ईगल सिक्योरिटी सर्विस शिवपुरी सहित अनेक कंपनिया शामिल होंगी।

# बिलासपुर एक्सप्रेस की बोगी से निकला धुआं, आइसोलेट कर चलाई ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना





**रेल कर्मचारियों की सतर्कता से टली बड़ी दुर्घटना**

भोपाल से बिलासपुर जा रही बिलासपुर एक्सप्रेस की एक बोगी के वी-बेल्ट से धुआं निकलते देख ट्रेन मैनेजर ने ट्रेन को तत्काल रोक दिया और रेल कर्मचारी की सतर्कता के चलते एक बड़ी रेल दुर्घटना टल गई। जानकारी अनुसार भोपाल से बीना की ओर आ रही ट्रेन नंबर 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस गंजबासौदा स्टेशन से छूटने के कुछ समय बाद ट्रेन से धुआं निकलने लगा साथ ही जलने की गंध भी आने लगी। ट्रेन से आ रही जलने की गंध एवं धुआं को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात ट्रेन मैनेजर अभिषेक परसाई ने तत्परता का परिचय देते हुए तुरंत ट्रेन को गंजबासौदा और बरेठ सेक्शन के मध्य रोक दी और ट्रेन की जांच प्रारंभ की।

जांच के दौरान पाया गया कि कोच नंबर एसईसी-14497 के वी-बेल्ट से धुआं निकल रहा था। ट्रेन मैनेजर परसाई ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल लोको पायलट, डिप्टी पंक्चुअलिटी, इलेक्ट्रिकल कंट्रोल तथा कैरिज एंड वैगन विभाग को सूचित किया। इलेक्ट्रिकल कंट्रोल के निर्देशानुसार वी-बेल्ट को सावधानीपूर्वक काटकर अलग किया गया और ट्रेन को आइसोलेट कर सुरक्षित बीना तक पहुंचाया गया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इस त्वरित और साहसिक कार्रवाई के फलस्वरूप यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी तथा पूरे खंड में अनावश्यक विलंब से बचते हुए ट्रेन को निर्धारित समयानुसार बीना से प्रस्थान करवाया गया। यह कार्य न केवल ट्रेन मैनेजर की सजगता और कुशलता को दर्शाता है, बल्कि रेलवे द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के प्रति की जा रही प्रतिबद्धता को भी सिद्ध करता है।

## शहर की समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी ने की चिंतन बैठक



**बीना।** शहर की समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी ने रविवार को विधानसभा स्तरीय चिंतन बैठक आयोजित की। बैठक जिला उपाध्यक्ष बृजभूषण पंडित एवं विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र सोनी के नेतृत्व में आयोजित की गई। बीना विधानसभा क्षेत्र में दिन पर दिन बढ़ रही समस्याओं को लेकर सभी पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी। साथ ही सभी ने विचार विमर्श करके आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने विधानसभा के प्रत्येक घर-घर जाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में यूथ विंग जिला अध्यक्ष नेतराम विश्वकर्मा, विधानसभा सचिव विनोद रोहित, विधानसभा ओबीसी विंग उपाध्यक्ष जयराम रैकवार, दीपक अवस्थी ओबीसी विंग उपाध्यक्ष, ओबीसी विंग विधानसभा अध्यक्ष निर्मल रैकवार हरि शंकर, रोहित रैकवार आदि उपस्थित रहे।

## नवीन सत्र के लिए जिले के महाविद्यालयों में एडमिशन की प्रक्रिया जारी

# छात्र-छात्राओं का कॉलेजों में इंतजार बरकरार, दाखिले की गति भी धीमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिले भर के महाविद्यालयों में इन दिनों एडमिशन की प्रक्रिया जारी है। दाखिला लेने-वाले छात्र-छात्राओं में उत्साह की कमी है जिसके कारण कॉलेजों में पर्याप्त मात्रा में एडमिशन नहीं हो सके हैं। कॉलेजों में जो पाठयक्रम चल रहे हैं उनमें अधिकांश पाठयक्रमों की स्थिति यह है कि वह सिर्फ शैक्षणिक योग्यता तक सीमित रह गये हैं। इन पाठयक्रमों में नौकरी की गांरटी नहीं है। इस कारण छात्र-छात्राएं अब उन पाठयक्रमों की ओर आकृषित हो रहे हैं जिनमें उन्हें नौकरी की संभावना है।

अशोकनगर जिले में सबसे बड़ा पीएम श्री शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर है जो जिले का लीड कॉलेज है। वर्तमान में अशोकनगर जिले में जिन स्थानों पर अशोकनगर के अलावा महाविद्यालय संचालित है वह स्थान चंदेरी, मुंगावली,ईसागढ तो है है साथ में पिपरई, शाढौरा, सेहराई में भी हैं। जिन्हें मिलाकर कुल जिले में 7 महाविद्यालय संचालित हो रहे हैं। शाढौरा में पहले महाविद्यालय नहीं था इस कारण छात्र-छात्राएं हायर सेकेण्ड्री के बाद अशोकनगर कॉलेज में दाखिला लेने के लिए आते थे। लेकिन वहं अब कॉलेज खुल जाने के कारण वहां की छात्र संख्या का असर यहां के महाविद्यालय पर पड़ा है। इसी प्रकार पिपरई और सेहराई में नए महाविद्यालय खुलने के बाद मुंगावली के महाविद्यालय पर इन कॉलेजों के कारण असर पड़ा है। पिपरई और सेहराई मे ही अब छात्र-छात्राओं को कॉलेज की सुविधा मिल रही है।

अशोकनगर जिला मुख्यालय पर संचालित महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को लगभग 10 हजार सीटें उपलब्ध हैं। एक समय ऐसा था कि लगातार मांग के बाद यहां सीटों की संख्या बढ़ाई गयी थी। दो साल पहले तक खूब मांग आती रही और हर वर्ष 25 प्रतिशत सीटों को बढ़ाया गया। लेकिन वर्तमान में महाविद्यालय में एडमिशन की प्रक्रिया जारी है। प्रक्रिया के तहत जो 3 चरण थे वह पूरे हो गये हैं उसके बाद सीएलसी राउंड चल रहा है। जो 30 जुलाई तक चलेगा जिसमें अच्छे एडमिशन होने की संभावना है। उच्च शिक्षा विभाग इस राउण्ड के बाद सीएलसी स्तर का एक राउण्ड और प्रारंभ कर सकता है। जिसमें बीए,बीएससी, और बीकॉम के एडमिशन किए जा रहे हैं। जिसके लिए एक दिन बाद छोडकर रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं। उधर पीजी की कक्षाओं में एडमिशन की प्रक्रिया जारी है। 25 जुलाई तक जिन छात्र-छात्राओं की फीस जमा हो जाएगी वह एडमिशन का लाभ ले सकेंगे।

बीए में 1400 सीटें उपलब्ध हैं जिसमें अभी तक 638 एडमिशन हुए हैं,बीकॉम में 300 सीटें उपलब्ध हैं जिसमें अभी तक 137 डमिशन हुए हैं, बीकॉम एचआर में 50 सीटें उपलब्ध हैं जिसमें अभी तक 52एडमिशन हुए हैं,बीकॉम कम्प्यूटर सांइस में 30 सीटें उपलब्ध हैं जिसमें अभी तक 13 एडमिशन हुए हैं,बीएससी वायो में 40 सीटें उपलब्ध हैं जिसमें अभी तक 23 एडमिशन हुए है ,बीएससी बॉटनी में 180 सीटें उपलब्ध हैं जिसमें अभी तक 93 एडमिशन हुए है,बीएससी गणित में 150 सीटें उपलब्ध हैं जिसमें अभी तक 82 एडमिशन हुए है,बीएससी कैमिस्ट्री में 50 सीटें उपलब्ध हैं जिसमें अभी तक 24 एडमिशन हुए है।बीएससी जीव विज्ञान में 50 सीटें उपलब्ध हैंजिसमें अभी तक 32 एडमिशन हुए है।बीएससी भौतिक शास्त्र में 30 सीटें उपलब्ध हैं जिसमें अभी तक 11 एडमिशन हुए है।बीएससी कम्प्यूटर में 75 सीटें उपलब्ध हैं जिसमें अभी तक 26 एडमिशन हुए है। एमए अर्थशास्त्र में 120 सीटें उपलब्ध हैं।

**इनका कहना है**

महाविद्यालय में एडमिशन की प्रक्रिया जारी है यूजीसी में 3 चरणों के बाद सीएलसी राउण्ड चल रहा है। पीजी की कक्षाओं में 25 जुलाई तक सही आंकडे सामने आ सकेंगे।

**प्राचार्य डॉ. रैणु राजेश, शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर**


# वैष्णवी ने किया रजक समाज का नाम रोशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

बडोदी निवासी पपीता रजक गोपाल व राखी रजक की पुत्री वैष्णवी रजक ने बिना कोचिंग के घर पर रहकर ही कड़ी मेहनत और लगन से गृह मंत्रालय में स्टेनोग्राफर के पद पर अपना चयन सुनिश्चित किया है। वैष्णवी के पिता मजदूरी का कार्य करते हैं। वैष्णवी का चयन परिवार सहित रजक समाज के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। वैष्णवी के चयन ने परिवार व समाज के साथ शिवपुरी जिले का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर अखिल भारतीय धोबी महासंघ प्रदेशाध्यक्ष बलवीर निबोरिया, संभाग अध्यक्ष नीरज रजक, जिलाध्यक्ष रजक समाज सुधार समिति शिशुपाल रजक धर्मशाला अध्यक्ष भागीरथ रजक, सम्मेलन अध्यक्ष जगदीश रजक एवं समाज के वरिष्ठ जन मंगल सिंह रजक रिजौदा, विजय रजक, नेमीचंद वमा, राम रजक, भरोसी रजक, सुरेंद्र रजक, पार्षद चिंगोली राम रजक सहित अन्य समाज बंधुओं ने छात्रा का पुष्पहार भेंट कर स्वागत किया।


## प्रकाश सोनी सराफा एसोसिएशन उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिवपुरी में स्थित स्वर्णकार धर्मशाला पर रविवार को नवीन कार्यकारिणी गठन किया गया। इसमें सोनी सराफा संघ के विशन सोनी अध्यक्ष और शहर के सराफा व्यवसायी, विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष प्रकाश सोनी को सोनी सराफा संघ का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर उनके शुभचिंतकों ने उनको माल्यार्पण कर उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस मौके पर प्रकाश सोनी ने कहा कि हम सब सराफ संघ के सदस्य एक परिवार की तरह हैं। एक परिवार की भाँति हम सबको विषम परिस्थितियों में एक साथ खड़े रहना होगा। व्यापार की आपसी प्रतिस्पर्धा, विरोध को भुलाकर आपसी मतभेद को खत्म करने होंगे। इस खास अवसर पर बधाई देने में दिव्यांश सोनी, हिमांश सोनी, धर्मेंद्र सोनी, जनक, रोहित यादव, आकाश राठौर, मुरारी लाल गुप्ता आदि मौजूद थे।

## दुनिया में सबसे अच्छी शिक्षा पद्धति और संस्कृति है भारत की: मुनिश्री





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने अशोकनगर में जैन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति का अंग्रेजों ने सबसे बड़ा नाश किया है गुरुकुल शिक्षा पद्धति को नष्ट करके। हमारे यहां दुनिया की सबसे अच्छी शिक्षा पद्धति थी जहां सब चाहें राज पुत्र हो सेठ साहूकार हो या सामान्य जन सभी गुरुकुलों में रहकर शिक्षा के साथ संस्कार ग्रहण करते थे। विदेशीयों ने हमारी शिक्षा पद्धति को भी वैतनिक कर दिया अब वे सब कर्मचारी हैं ऐसे ही हमारे यहां वैध को कभी वेतन नहीं मिलता था उन्हें भेंट मिलती थी। दूसरे शिक्षा हमारे यहां गुरु कुल परम्परा से चलती जहां बचपन से ही संस्कारो का वीजा रोपण किया जाता था आज यह सबसे बड़ा व्यापार बन गया।

उन्होंने कहा कि कैसी है हमारी संस्कृति कैसे हैं हमारा भारत देश। गुरु की बदौलत ही हम भगवान को पहचान कर अपने जीवन का आदर्श वना लेते हैं। सबसे पहले शिक्षा और स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि हमारे देश में एक दुष्ट राजा हुआ है कंस जो साधु संतों को अपने रथ में जुतवता था उसके रथ में अश्व का प्रयोग नहीं होता था ऐसे भी राजा हुए जिनके अत्याचारो का उल्लेख इतिहास में भरा पड़ा है फिर भी हमारे संस्कार खत्म नहीं हुई जव तक भारत मे गुरु कुल परम्परा रहेंग धर्म अंदर की बात है चलो तुम्हारे लिए एक उदाहरण देता हूं। किसी मनचले ने आपको कट मार दिया आपको चोट आ गई उससे आप विचलित हो गये। यह उसने ठीक नहीं किया वह गलत आदमी है गुंड्डा आवारा हैं उसने कट मारकर दुःखी किया था। थोड़ी देर बाद आगे उसका एक्सीडेंट होता है और वह सड़क पर तड़प रहा है तुमने उसे कष्ट में छोड़ कर वहीं किया जो तुम्हारे साथ हुआ। 99 प्रतिशत लोग कषाय में छोड़ कर चले जाते हैं फिर तुम में और उस गुंडे में फर्क क्या रहा विचार करें।

### प्रतिदिन जिज्ञासा और उसका समाधान कार्यक्रम आयोजित

मुनिश्री के चार्तुमास के दौरान अशोकनगर में प्रतिदिन शाम 6 से 7 बजे तक जिनवाणी चैनल पर जिज्ञासा और उसका समाधान कार्यक्रम का प्रसारण किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन देश भर के अनेक स्थानों से श्रद्धालुओं द्वारा ऑनलाईन भी अपनी जिज्ञासा व्यक्त की जाती है। और सभा स्थल पर होने वाले इस आयोजन में उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा भी देश, समाज, राजनीति, जैसे विषयों पर सम सामायिक प्रश्न मुनिश्री के समक्ष रखे जाते हैं जिसका समाधान भी तत्काल किया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई तक कराएं

**शिवपुरी।** खरीफ वर्ष 2025 अंतर्गत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कृषक अपनी फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करा सकते हैं। जिले में इस वर्ष बीमा संचालन का कार्य एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने बताया कि ऋणी कृषकों का फसल बीमा संबंधित बैंक शाखाओं के माध्यम से किया जाएगाए जबकि अऋणी कृषक अपने नजदीकी बैंकए बीमा अभिकर्ता या कॉमन सर्विस सेंटर ;सीएससीद्ध के माध्यम से बीमा करवा सकते हैं। फसल बीमा के लिए कृषकों को भू.अधिकार पुस्तिका या बी.1, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की प्रमाणित प्रति, फसल बुवाई प्रमाण.पत्र एवं विधिवत भरा हुआ प्रस्ताव पत्र अपने मोबाइल नंबर सहित जमा करना होगा। ऋणी कृषक यदि बीमा योजना से बाहर रहना चाहते हैंए तो उन्हें इसकी सूचना बीमांकन की अंतिम तिथि से सात दिन पूर्व अर्थात 24 जुलाई 2025 तक अपनी बैंक शाखा में अवश्य देना होगा। फसल बीमा योजना के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं जैसे आकाशीय बिजली गिरनाए बादल फटनाए तूफानए ओलावृष्टिए चक्रवातए बाढ़ए जल भरावए भू.स्खलन और सूखे जैसी परिस्थितियों में फसल को क्षति होने पर कृषकों को बीमा दावा का लाभ प्राप्त होता है। बीमा से संबंधित जानकारी एवं मार्गदर्शन के लिए कृषक एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के टोल फ्री नंबर 1800.570.7115 पर संपर्क कर सकते हैं।

## थाना कचनार में नशे के विरुद्ध अभियान के तहत लगाए स्लोगन

# चालकों को नशे से दूरी रखने किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कचनार में बस स्टेण्ड कचनार व बस स्टेण्ड राजपुर पर चलने वाले ऑटो, बस, माल वाहनों, सवारी वाहनों एवं दो पहिया वाहनों पर नशे से दूरी श्लोगन लिखे पैम्पलेट व स्टीकर वाहनों के आगे व पीछे कचनार थाना प्रभारी उनि पूनम सेलर एवं उनके स्टाफ ने वाहन पर लगाये एवं वाहन चालकों को नशे से दूरी रखने के संबंध में जागरूक किया एवं चालकों को नशे से दूरी की शपथ दिलाई।

इस अभियान में थाना कचनार से सउनि अंगद सिंह दोहरे, सउनि भरत सोलंकी, सउनि तेज सिंह, चैकी राजपुर से सउनि रघुवीर मांडरे, प्रआर शिवेन्द्र रघुवंशी, प्रआर चन्द्रभान रघुवंशी, आर कुलदीप, आर सत्येन्द्र, आर शिवसिंह आदि स्टाफ व गणमान्य नागरिक सफीक खांन, नंदलाल यादव, अरमान खान, पत्रकारगण यश जैन, समीम खान, गणेशराम सोनी उपस्थित रहे।

### आने-जाने वाले वाहनों पर पोस्टर लगाकर नशे से बचने के लिए जागरूक किया



**नईसराय।** उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक अशोकनगर के निर्देशण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर एवं एसडीओपी चंदेरी के मार्गदर्शन में शनिवार को थाना नईसरांय पुलिस द्वारा बस स्टैण्ड नईसरांय, डुगासरा रोड नईसरांय पर चलने वाले वाहनों ऑटो, स्कूल बैन, यात्री बस पर बैनर, पोस्टर चस्पा कर लोगों को नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराया गया तथा शाढौरा तिराहा व म्याना तिराहा पर नुक्कड़ नाटक कर युवा वर्ग को स्मैक, ब्राउनशुगर, गांजा जैसे घातक नशों के दुष्परिणाम के संबंध में जागरूक किया। मौके पर थाना प्रभारी पुनीत दीक्षित नईसरांय पुलिस के साथ तथा नईसरांय क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार गण उपस्थित रहे सभी ने एक साथ नशा मुक्त मध्यप्रदेश की शपथ ली।

### किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने की शपथ दिलवाई गई



**ईसागढ़।** थाना क्षेत्र ईसागढ़ के झुग्गी झोपड़ियों को चिन्हित कर ग्राम पिपरोदा,डेंगा-मोचार में पुलिस के द्वारा नशे के आदि व्यक्तियों को एवं उनके परिवार वालों को नशामुक्ति पुनर्वास केंद्रों की जानकारी देने के साथ किसी भी प्रकार का नशा न करने की शपथ दिलवाई गई। उक्त अभियान के दौरान गांव में मौजूद स्थानीय अध्यापकों का सहयोग प्राप्त कर नशे में लिप्त व्यक्तियों को नशे से दूरी बनाए रखने हेतु परामर्श दिया साथ ही नशे के आदी लोगों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने हेतु समझाईश दी गई। अभियान के दौरान ग्रामीणों को नशे से दूरी है जरूरी ऑडियो प्रसारण के माध्यम से प्रेरणादायक ऑडियो क्लिप सुनाकर नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया अभियान के दौरान थाना ईसागढ़ से सउनि मनजीत त्रिवेदी, सउनि ज्ञानलता राठौर, प्रआर दिनेश कुमार, प्रआर राजीव शर्मा, प्रआर अवनीश पाठक, प्रआर हरीनारायण सेन महिला आर प्रीति शर्मा के द्वारा जागरूकता अभियान संचालित किया।